दिन—मंगलवार दिनांक— 19 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कल जारी की जायेगी अधिसूचना। औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय सीट के लिए कल से नामांकन पत्र भरे जायेंगे।
02. एनडीए में सीट बंटवारे से नाराज पशुपति कुमार पारस ने केन्द्रीय मंत्री पद से दिया इस्तीफा।
03. बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने मुख्य सरगना विशाल कुमार चौरसिया समेत दो सौ छिहत्तर लोगों के विरूद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करायी।
04. और, काल बैशाखी के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों में बारिश और वज्रपात। ठनका की चपेट में आने से पटना में एक व्यक्ति की मौत।

———————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना कल जारी की जाएगी। पहले चरण में बिहार की चार सीटों समेत सत्रह राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों में लोकसभा की एक सौ दो सीटों के लिए चुनाव होगा। उम्मीदवार इस महीने की सत्ताईस मार्च तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं जबकि मतदान उन्नीस अप्रैल को होगा। लोकसभा चुनाव देशभर में सात चरणों में कराए जाएंगे और वोटों की गिनती चार जून को होगी।

———बाईट———

आने वाले दिनों में होने वाले लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने के लिए चुनाव आयोग हर संभव कदम उठा रहा है। आयोग ने सभी मौजूदा चुनौतियों या चुनाव के दौरान होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए कारगर योजनाएं बनाई हैं। चुनाव आयोग के लिए चुनावों में पैसे का दुरुपयोग, गलत सूचना का प्रसार और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के साथ—साथ बाहुबल मुख्य चुनौतियां बनी हुई हैं। चुनावों में बाहुबलों के प्रयोग को रोकने और मतदाताओं को भय मुक्त माहौल उपलब्ध कराने के लिए आयोग हिंसा संभावित क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती कर रहा है। सभी जिलों में चौबीस घण्टे काम करने वाले एकीकृत नियंत्रण कक्ष स्थापित किये जा रहे हैं। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग का सुविधा रखी जाएगी। इसके साथ—साथ विभिन्न इलाकों में असामाजिक तत्वों और हिस्ट्रीशिटरों पर निगरानी रखी जाने की कडी योजना बनाई गई है। देशभर के लोकसभा क्षेत्रों में चेकपोस्ट स्थापित किये जा रहे हैं, जबकि सीमा पर निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए दुर्गेश भदोडिया।

———————————————————

राज्य में पहले चरण के चुनाव के तहत औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय सीट के लिए उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। कल अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन सभी सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन भरने की आखिरी तारीख अट्ठाईस मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच तीस मार्च को की जायेगी

जबकि उम्मीदवार दो अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं। एनडीए में सीट बंटवारे के तहत औरंगाबाद सीट भाजपा के कोटे में गयी है। नवादा और जमुई सीट लोजपा रामविलास को मिली है जबकि गया सीट हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा को दी गयी है। विपक्षी महागठबंधन की ओर से अभी तक सीटों का बंटवारा तय नहीं हुआ है।

———————————————————

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद विभिन्न जिला प्रशासन स्वच्छ और निष्पक्ष मतदान की तैयारियों में जुट गया है। समस्तीपुर जिले में पहली बार वोट डालने वाले युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। समस्तीपुर विमेंस कॉलेज में मेरा पहला वोट कार्यक्रम के तहत युवाओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गयी।

कैमूर जिले में सातवें चरण के तहत एक जून को मतदान होगा। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सावन कुमार के नेतृत्व में तैयारी तेज कर दी गयी है। मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण जल्द शुरू किया जायेगा।

जहानाबाद जिले के एस.एस. कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से चुनाव पाठशाला और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शेखपुरा जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में लोजपा, रामविलास की प्रदेश महासचिव सीमा सिंह एबीवीपी के जिलाध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। दोनों पर धारा एक सौ चौवालीस का उल्लंघन करने का आरोप लगा है।

———————————————————

लोकसभा चुनाव के दौरान धनबल का दुरूपयोग रोकने के लिए आयकर विभाग ने पटना में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नम्बर–एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच छह दो एक तीन या व्हाट्सऐप नम्बर– सात सात छह तीन नौ चार शून्य शून्य छह छह पर कालेधन के प्रवाह और उपयोग संबंधी सूचना या शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। इसके अलावा ई–मेल बिहार डॉट नोडल डॉट इलेक्शन एट द रेट इनकम टैक्स डॉट जीओवी डॉट आईएन पर भी सूचना दी जा सकती है। यह कन्ट्रोल रूम चुनाव की समाप्ति तक चौबीसों घंटे काम करेगा।

———————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे गया लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जारी रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

गया लोकसभा क्षेत्र में पहले चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव तारीख की घोषणा के साथ ही संसदीय क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जिला प्रशासन जुट गया है। जगह–जगह से पोस्टर–बैनर और होर्डिंग उतार दिये गये हैं। जिला पदाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एसएम ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर धन–बल, बाहुबल और गलत सूचना के आदान–प्रदान पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार जिला प्रशासन के प्रयास से महिला वोटर की संख्या में अच्छी–खासी बढ़ोतरी हुयी है। उन्होंने कहा कि स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

सिटी एसपी प्रेरणा कुमार ने बताया कि चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

इधर, गया लोकसभा क्षेत्र में मेरा पहला वोट देश के लिए और लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व थीम पर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में विकास मित्र, जीविका दीदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा दीदी की भी मदद ली जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

———————————————————————

बीपीएससी की शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने मुख्य सरगना वैशाली का रहने वाला विशाल कुमार चौरसिया समेत दो सौ छिहत्तर लोगों के विरूद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करायी है। ईओयू ने तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र और उत्तर लीक किये जाने के मामले की जांच के उपरांत आज अड़तालीस पेज के आवेदन पत्र में अट्ठासी महिला अभ्यर्थियों को भी शामिल किया है। ईओयू के आवेदन में प्रिंटिंग प्रेस के मालिक के साथ ही बिहार लोक सेवा आयोग के कुछ कर्मियों के नाम शामिल है।

———————————————————————

केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने आज केंद्रीय मंत्रीमंडल से त्यागपत्र दे दिया। लोकसभा चुनावों के लिए प्रदेश में एनडीए के सीट बंटवारे की घोषणा के बाद श्री पारस ने यह फैसला किया है। समझौते में श्री पारस की पार्टी को एक भी सीट नहीं दी गई है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री पारस ने अपने त्यागपत्र की घोषणा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी के साथ अन्याय किया गया है।

———बाईट———

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि पशुपति कुमार पारस को एनडीए में काफी सम्मान मिला और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जगह भी दी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिन्हा ने कहा कि उन्हें युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए चिराग पासवान को मदद करनी चाहिए।

———बाईट———

———————————————————————

दरभंगा के पूर्व सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी ने जनता दल यूनाईटेड छोड़ दिया है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया है।

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को लिखे पत्र में श्री फातमी ने कहा है कि नैतिक मूल्यों की रक्षा के लिए वह जदयू के सभी पदों सहित प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

———————————————————————

काल बैशाखी के प्रभाव से राजधानी पटना समेत दक्षिण बिहार के कई हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान जमुई के चकाई में सोलह दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है। श्री गौरव ने बताया कि इस दौरान पटना, नालंदा, शेखपुरा समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर ओलावृष्टि की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————————

इधर, पटना में वज्रपात की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि पटना हवाई अड्डे के रनवे पर चल रहे निर्माण कार्य में लगे सुपरवाईजर बंगाल निवासी नवो कुमार ठनका की चपेट में आकर बुरी तहर झुलस गये। बाद में आईजीआईएमएस में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। इधर, मौसम विभाग ने आज पटना, नालंदा, वैशाली और जहानाबाद समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर वज्रपात की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

जमुई जिले के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बटिया घाटी के पास एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गयी। इस दुर्घटना में पिकअप वैन पर सवार पच्चीस लोग घायल हो गये। इनमें तेरह लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

———————————————————————

नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक नाबालिग से सामुहिक दुष्कर्म के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पीड़िता की मेडिकल जांच के बाद कोर्ट में धारा एक सौ चौंसठ के तहत बयान दर्ज करवाया है।

———————————————————————

शिक्षा विभाग के विभिन्न महाविद्यालयों में ग्यारहवीं की पढ़ाई समाप्त किये जाने के आदेश के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन जारी है। पटना में आज छात्र–छात्राओं ने कोतवाली थाना क्षेत्र अन्तर्गत बिहार इंटरमीडिएट काउंसिल कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही अन्य कई स्थानों पर भी सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————

नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत आईटीआई गोनावां स्थित एक घर में छापेमारी कर पुलिस ने नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार........... एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कल जारी की जायेगी अधिसूचना। औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय सीट के लिए कल से नामांकन पत्र भरे जायेंगे।
02. एनडीए में सीट बंटवारे से नाराज पशुपति कुमार पारस ने केन्द्रीय मंत्री पद से दिया इस्तीफा।
03. बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने मुख्य सरगना विशाल कुमार चौरसिया समेत दो सौ छिहत्तर लोगों के विरूद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करायी।
04. और, काल बैशाखी के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों में बारिश और वज्रपात। ठनका की चपेट में आने से पटना में एक व्यक्ति की मौत।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।